गाओ रे झूमो रे नाचो रे गाओ आईं है मैया अंगनवा हमारे

गाओ रे झूमो रे नाचो रे गाओ,
आईं है मैया अंगनवा हमारे,
गाओ झूम झूम के,
नाचो झूम झूम के।bd।

सिंघ पे बैठी आई भवानी,
करने हमारे अंगनवा मेहमानी,
दर्शन से नैया लगेगी किनारे,
गाओ झूम झूम के,
नाचो झूम झूम के।bd।

हाथो में मेहदी लगे है सुहानी,
हीरा जड़ी मुंदरी पहने भवानी,
नाना रतन मैया ने अंग धारे,
गाओ झूम झूम के,
नाचो झूम झूम के।bd।

कानो में बाला गले फूल माला,
कम्मर में डोरा है पहने भवानी,
लाल लाल चुनरी में मीना सितारे,
गाओ झूम झूम के,
नाचो झूम झूम के।bd।

घर घर के अंगना डले माँ के पलना,
चंदन के पलना में झूले भवानी,
दर्शन कर मैया के राजेन्द्र न हारे,
गाओ झूम झूम के,
नाचो झूम झूम के।bd।

गाओ रे झूमो रे नाचो रे गाओ,
आईं है मैया अंगनवा हमारे,
गाओ झूम झूम के,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

गीतकार/गायक – राजेन्द्र प्रसाद सोनी।
8839262340

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com